दिनांक : 09 अगस्त, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

दिनांक 10 अगस्त, 2023 को विश्व शेर संरक्षण दिवस के अवसर पर प्राणि उद्यान के सारस प्रेक्षागृह में प्रातः 11 बजे विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा Skit कॅम्पटीशन का आयोजन किया जायेगा।

इसी क्रम में आज दिनांक 09.08.2023 को प्रातः 11 बजे जागरूकता रैली प्राणि उद्यान, लखनऊ के प्रशासनिक भवन से लॉयन हाउस तक उत्साहपूर्वक निकाली गयी तथा शेर के प्रतीकात्मक स्वरूप बनाये गये व्यक्ति द्वारा प्राणि उद्यान में भ्रमण करने आये दर्शकों को शेरों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि शेर जंगल में कैसे रहता है, प्राणि उद्यान में शेर का व्यवहार कैसा होता है तथा शेरों को संरक्षित करने हेतु क्या–क्या सावधानियाँ आम–जनमानस को बरतनी चाहिए। इस अवसर पर प्राणि उद्यान की निदेशक श्रीमती अदिति शर्मा, उप निदेशक, डा0 उत्कर्ष शुक्ला एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी, श्री राजेन्द्र कुमार नेगी के साथ प्राणि उद्यान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में प्राणि उद्यान के कर्मचारी शेर संरक्षण से सम्बन्धित स्लोगन लिखे हुए स्लोगन बोर्ड लेकर रैली में भाग लिया।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ